2026

# HINDI

( Minor )

Paper : HIN4400504MN

( हिन्दी पत्रकारिता के विविध आयाम )

( Set-B )

*Full Marks* : 60

*Time* : 2½ hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) विद्वानों के अनुसार हिन्दी का पहला समाचार-पत्र कौन-सा है?

(ख) पत्रकारिता का एक प्रकार बताइए।

(ग) 'चाँद' नामक पत्रिका का प्रकाशन किस वर्ष में हुआ था?

(घ) समाचार के स्रोत से आप क्या समझते हैं?

(ङ) फीचर-लेखन क्या है?

(च) क्या आप समाचार-पत्र को सामाजिक चेतना का वाहक मानते हैं?

(छ) महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' पत्रिका के सम्पादन का दायित्व कब ग्रहण किया?

(ज) द्विवेदीयुगीन पत्रिकाओं की भाषा संबंधी एक विशेषता बताइए।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **छः** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×6=12

(क) पत्र-पत्रिकाओं में विशेषांक का क्या महत्त्व है?

(ख) 'समालोचक' पत्रिका का प्रकाशन वर्ष और सम्पादक का नाम बताइए।

(ग) हिन्दी पत्रकारिता का आरंभ कहाँ से और क्यों हुआ?

(घ) समकालीन पत्रकारिता किसे कहते हैं? दो समकालीन पत्रिकाओं के नाम लिखिए।

(ङ) बनारसीदास चतुर्वेदी की भाषा-शैली की दो विशेषताएँ बताइए।

(च) भारत में प्रेस संबंधी दो मुख्य कानूनों का उल्लेख कीजिए।

(छ) साहित्यिक पत्रकारिता और सामान्य पत्रकारिता की भाषा संबंधी दो विशेषताएँ बताइए।

(ज) भारतेन्दु युग में प्रकाशित दो प्रमुख साहित्यिक पत्रिकाओं के नाम लिखिए।





(झ) 'उदन्त मार्तण्ड' पत्रिका किस युग की पत्रिका है? सम्पादक का नाम लिखिए।

(ञ) 'दैनिक पूर्वोदय' पत्रिका की दो विशेषताएँ बताइए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) रिपोर्ट-लेखन से आप क्या समझते हैं?

(ख) समाचार-लेखन और फीचर-लेखन में क्या अंतर है?

(ग) 'जनसत्ता' पत्रिका के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(घ) हिन्दी पत्रकारिता के क्षेत्र में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का योगदान बताइए।

(ङ) हिन्दी में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन में आने वाली असुविधाओं पर प्रकाश डालिए।

(च) पत्रकारिता किसे कहते हैं? पत्रकारिता की भाषा-शैली कैसी होनी चाहिए?

(छ) द्विवेदीयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता की दो प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

(ज) प्रेस की स्वतंत्रता की आवश्यकता क्यों महसूस की गयी?

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) समकालीन साहित्यिक पत्रकारिता का परिचय देते हुए उसके महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) हिन्दी पत्रकारिता जगत् में गणेशशंकर विद्यार्थी का अवदान बताइए।

(ग) सूचना के अधिकार से आप क्या समझते हैं? सूचना के अधिकार पर एक लेख लिखिए।

(घ) स्तंभ-लेखन क्या है? स्तंभ-लेखन की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ङ) पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन की उपयोगिता और प्रभावशालिता पर प्रकाश डालिए।

★★★